दिन– सोमवार | दिनांक– 17 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर पटना से नई दिल्ली तक एनडीए के घटक दलों के बीच विचार–विमर्श और बैठकों का दौर जारी। पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां शुरू।

02. नीतीश मंत्रिमंडल की आज अंतिम बैठक। बैठक में मंत्रिमंडल भंग करने की, की जाएगी सिफारिश।

03. निर्वाचन आयोग ने राज्यपाल को नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी। राज्य में आदर्श आचार संहिता हुयी समाप्त।

04. और, राजद ने विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा के लिए आज पटना में नवनिर्वाचित विधायकों और पराजित उम्मीदवारों की बैठक बुलाई।

---

राज्य में नई सरकार के गठन पर एनडीए गठबंधन के बीच राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पटना और नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन के सदस्यों के बीच विचार–विमर्श और बैठकों का दौर जारी है। कैबिनेट के गठन और मंत्रिपरिषद् में विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधित्व सहित कई मुद्दों पर चर्चा जारी है। जनता दल यूनाइटेड विधायक दल आज अपना नेता चुनने के लिए पटना में बैठक करेगा। पार्टी के नवनिर्वाचित पचासी विधानसभा सदस्यों के सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को पार्टी का नेता चुनने की उम्मीद है। भारतीय जनता पार्टी भी आज अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करेगी। इसके बाद एनडीए की बैठक का आयोजन किया जाएगा। आज ही एनडीए के नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों की बैठक की भी संभावना है। इसके बाद एनडीए अपने नेता का चुनाव करेगा और नई सरकार के गठन के लिए दावा पेश करेगा। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

एनडीए के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद ही नई सरकार के गठन का दावा पेश किया जाएगा। एनडीए गठबंधन के विधायक दल के नये नेता सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए 202 विधायकों के समर्थन की सूची राज्यपाल को सौंपेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज मौजूदा सरकार के मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक होगी। बैठक में मंत्रिमंडल भंग करने की सिफारिश की जाएगी ताकि नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो सके। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज भवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। इधर, नई सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारी भी शुरू हो गई है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां नये मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को होने की संभावना है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि सरकार के गठन को लेकर घटक दलों के बीच बातचीत जारी है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री झा ने कहा कि जल्द ही सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

---बाइट---

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि वे राज्य में एनडीए की नई सरकार से किसी प्रकार की कोई मांग नहीं करेंगे। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार ही सरकार का नेतृत्व करेंगे।

---बाइट---जीतन राम मांझी-- 30 सें.

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज़ हुसैन ने कहा है कि राज्य की नई सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेगी। श्री हुसैन ने कहा कि चुनाव के दौरान जो भी वायदे किये गये हैं उसे पूरा किया जाएगा।

---बाइट---

---

मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां को नवनिर्वाचित दो सौ तैंतालीस विधायकों की सूची सौंप दी है। इस सूची में एनडीए के दो सौ दो, महागठबंधन के चौंतीस, एआईएमआईएम और बहुजन समाज पार्टी सहित सभी नवनिर्वाचित विधायकों के नाम शामिल हैं। श्री गुंजियाल ने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता हटा ली गयी है। इस संबंध में केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव और राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेज दिया गया है।

---

राष्ट्रीय जनता दल विधानसभा चुनाव में मिली हार की आज समीक्षा करेगा। इसके लिए पार्टी ने नवनिर्वाचित विधायकों और पराजित उम्मीदवारों की पटना में बैठक बुलाई है। तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर होने वाली इस बैठक में चुनाव परिणामों

तथा संगठानात्मक गतिविधियों से जुड़े सभी बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।

---

विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा है कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा करेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सहनी ने कहा कि महागठबंधन पूरी मजबूती के साथ विपक्ष की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि नई सरकार को जनता से किये गए अपने सभी वायदे पूरे करने होंगे।

–––बाइट–––

---

जानी–मानी अभिनेत्री नीतू चन्द्रा को बिहार के लिए चुनाव आयोग के स्वीप आईकॉन की सूची हटा दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने यह कार्रवाई की है। एक समाचार चैनल ने नीतू चन्द्रा का एक खास राजनीतिक दल के पक्ष में अपनी बात कहते हुए समाचार प्रसारित किया था। मामला संज्ञान में आने पर ये कार्रवाई की गई है।

---

राज्य के तेरह जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों के लगभग पंद्रह लाख बच्चों के बीच पहले चरण के तहत दिसम्बर महीने में पोशाक का वितरण किया जाएगा। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के कारण पोशाक तैयार करने का काम बंद था। उन्होंने बताया कि बच्चों को मार्च महीने तक दो–दो सेट कपड़े उपलब्ध करा दिये जायेंगे।

---

पटना के मोईनुल हक स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के एक मैच में मिजोरम ने बिहार के खिलाफ कल पहली पारी में तीन सौ सतहत्तर रन बनाकर दिन का खेल समाप्त किया। मेहमान टीम मिजोरम की ओर से अरमान जाफर ने एक सौ अठहत्तर रनों की नाबाद पारी से टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया है। बिहार की ओर से मलय राज, हिमांशु सिंह और खालिद ने एक–एक विकेट हासिल किये।

---

इधर, बीसीसीआई की ओर से आयोजित बिहार अंडर– नाईन्टीन ट्राफी के एलीट ग्रुप मुकाबले के पहले दिन बिहार ने दिल्ली के खिलाफ खेलते हुए छह ओवर में छह विकेट के नुकसान पर चौबीस रन बनाए हैं। टीम दिल्ली से दो सौ चौवन रन पीछे हैं।

---

उनसठवीं एसजीएफआई राष्ट्रीय ताइक्वांडों चैंपियनशिप में भारतीय खेल प्राधिकरण के पटना सेंटर की मंजीत सिंह राठौर ने अठहत्तर किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में मंजीत ने चंडीगढ़, कर्नाटक, हरियाणा और सीबीएसई के खिलाड़ियों को हराते हुए फाईनल में जगह बनाई।

---

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– सात सौ सत्ताईस पर विष्णुपुरवा गांव के पास एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि सोलह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बारात में घुस गयी, जिस कारण यह हादसा हुआ।

इधर, भोजपुर जिले के उदवंत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरिया मोड़ के पास एक पिकअप वैन की चपेट में आने से दो चचेरे भाईयों की मौत हो गयी।

---

पटना के ग्रामीण एसपी अपराजित लोहान ने नदी थाना क्षेत्र स्थित सिक्स लेन पर एक मोटरसाईकिल सवार युवक की पिटाई करने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

पटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के दियारा इलाके से पुलिस ने दो तस्करों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के भुसौला से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक और गांजा के साथ दो तस्करों की गिरफ्तारी की है।

भागलपुर जिले के रंगड़ा थाना क्षेत्र से पुलिस ने उत्तर प्रदेश के दो ठगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों केंद्रीय गृह मंत्री का पीए बताकर स्थानीय सांसद से पैसे मांग रहे थे।

---

गया जिले के बांके बाजार थाना क्षेत्र के सरहदा जंगल में सीआरपीएफ के जवानों ने सर्च अभियान चलाकर एके. सैंतालीस राईफल के बयालीस कारतूस बरामद किये हैं।

गोपालगंज जिले के बलथरी चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक कंटेनर से एक करोड़ रुपये मूल्य की शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र के मसीयाडीह गांव में शराब तस्करों के ठिकाने पर छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर असामाजिकतत्वों ने हमला कर दिया। इस दौरान कई राउंड फायरिंग की भी खबर है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

---

बोधगया के महाबोधि मंदिर में स्वर्ण शिखर परियोजना की बारहवीं वर्षगांठ के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया। समारोह में तीन सौ से अधिक बौद्ध भिक्षु समेत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संघों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर जारी हलचल की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सूबे में आचार संहिता खत्म, सभी नवनिर्वाचित विधायकों की सूची राज्यपाल सौंपी। **दैनिक जागरण** लिखता है – बीस को दसवीं बार मुख्यमंत्री बनेंगे नीतीश, कल एनडीए विधायक दल की बैठक में होगी नाम की औपचारिक घोषणा। गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह। **प्रभात खबर** ने लिखा है –नई सरकार का फामूर्ला तय, जदयू–भाजपा से पंद्रह–पंद्रह, लोक जनशक्ति पार्टी से तीन और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा से होंगे एक–एक मंत्री। **दैनिक भास्कर** ने लालू प्रसाद परिवार में चल रहे अंतर्कलह को प्रमुखता देते हुए लिखा है – रोहिणी ने भाई तेजस्वी और भाभी पर कई गंभीर आरोप लगाए। **राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – एसआईआर पर केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी। कांग्रेस ने बारह राज्यों के नेताओं को बुलाया नई दिल्ली। कल खड़गे की अध्यक्षता में होगी बैठक, राहुल भी रहेंगे। **आज अखबार** लिखता है – सारण में उनतीस महिला सिपाहियों पर कार्रवाई, एसएसपी ने रोका वेतन।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर पटना से नई दिल्ली तक एनडीए के घटक दलों के बीच विचार–विमर्श और बैठकों का दौर जारी। पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां शुरू।

02. नीतीश मंत्रिमंडल की आज अंतिम बैठक। बैठक में मंत्रिमंडल भंग करने की, की जाएगी सिफारिश।

03. निर्वाचन आयोग ने राज्यपाल को नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी। राज्य में आदर्श आचार संहिता हुयी समाप्त।

04. और, राजद ने विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा के लिए आज पटना में नवनिर्वाचित विधायकों और पराजित उम्मीदवारों की बैठक बुलाई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।